दिनांक : 10.02.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति भवन में सेशेल्स राष्ट्रपति के सम्मान में राजकीय भोज।
- आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की अमरीकी राजदूत सर्गियो गोर से मुलाकात, सेमीकंडक्टर और सप्लाई चेन पर हुई अहम बातचीत।
- परीक्षा से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया छात्रों से संवाद।
- प्रदेश में आज से 12वीं बोर्ड परीक्षा, 7 लाख छात्र शामिल, नकल रोकने के लिए कड़ी निगरानी।

राष्ट्रपति-सेशेल्स राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के रिश्ते आपसी भरोसे, सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। राष्ट्रपति ने बताया कि इस साल दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेशेल्स भारत के हिंद महासागर विजन का अहम हिस्सा है।

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव-अमरीकी राजदूत मुलाकात

इलेक्ट्रॉनिकी और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में अमरीकी राजदूत सर्गियो गोर से मुलाकात की। दोनों के बीच सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन को मजबूत करने पर बातचीत हुई। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत और अमेरिका के रणनीतिक रिश्ते और आगे बढ़ेंगे। उन्होंने एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अमेरिका की मजबूत भागीदारी की उम्मीद जताई है।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दूसरे भाग में देशभर के छात्रों से बातचीत की। इसी कड़ी में प्रदेश भर में भी परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए गए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के सुभाष स्कूल में छात्रों से बात की। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही देश का भविष्य हैं, इसलिए पढ़ाई के साथ आत्मविश्वास भी बेहद ज़रूरी है।

12वी बोर्ड परीक्षा

प्रदेश में आज से 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस साल करीब 7 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठ रहे हैं। प्रदेश भर में इसके लिए 3 हजार 800 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी और कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षाएं रोज़ सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री-बालघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल बालाघाट में पुलिस के एक सम्मान समारोह में जवानों से बात की। नक्सल मुठभेड़ों में बहादुरी दिखाने वाले 60 जवानों को समारोह में समय से पहले पदोन्नति दी गई। डॉ. यादव ने अमर जवान ज्योति पर फूल चढ़ाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि बालाघाट ने हिम्मत और मजबूत रणनीति से नक्सलवाद को हराया है। इस मौके पर जिले के 32 पुलिस थानों और सरकारी भवनों का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया गया।

किसान कल्याण वर्ष

प्रदेश में साल 2026 को किसान कल्याण वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर जिले के कुलैथ गांव में किसान सम्मेलन में किसानों से संवाद करेंगे। इस सम्मेलन में आधुनिक खेती से जुड़े नए कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

केन्द्रीय कृषि मंत्री-व्यापार समझौता

मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को राष्ट्रीय हित में बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस समझौते में किसानों के हितों की पूरी तरह सुरक्षा की गई है। उन्होंने दावा किया कि गेहूं और धान जैसे प्रमुख अनाज इस समझौते में पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं।

मुरैना-हादसा

मुरैना जिले के अहरौली गांव में कल दोपहर बड़ा हादसा हो गया। निर्माणाधीन चामंड़ माता मंदिर की गुमंद गिरने से मलबे में दबकर तीन बच्चियों की मौत हो गई। हादसे में पांच बच्चियां और एक दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पूजा के बाद प्रसाद बांटते समय हुई, जब गुमंद की पटिया अचानक टूटकर गिर गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृत बच्चियों के परिजनों को चार-चार लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

कुबेरेश्वरधाम सीहोर-रूद्राक्ष महोत्सव

सीहोर जिले के कुबेरेश्वरधाम में 14 से 20 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम में कई प्रसिद्ध संत और कथा वाचक शामिल होंगे, वहीं 20 फरवरी को आचार्य कौशिक महाराज भी धाम पहुंचेंगे।

भारत भवन-43वीं वर्षगांठ

भोपाल में सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र भारत भवन की 43 वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। समारोह का शुभारंभ 13 फरवरी को होगा और इसका समापन 20 फरवरी को किया जाएगा। इस दौरान भारत भवन में गीत, संगीत, नृत्य, नाटक, फिल्म सहित विविध प्रस्तुतियां होंगी। इन सभी कार्यक्रमों में श्रोताओं, दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

टी20 क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में आज तीन मुकाबले खेले जाएंगे। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सुबह 11 बजे नीदरलैंड्स और नामीबिया आमने-सामने होंगे। दोपहर 3 बजे चेन्नई में न्यूजीलैंड का मुकाबला यूएई से होगा, जबकि शाम 7 बजे कोलंबो में पाकिस्तान और अमेरिका की टक्कर होगी। वहीं दूसरी तरफ आईसीसी ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान की सभी मैचों में भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इसमें 15 फरवरी को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला भी शामिल है।

मौसम

राज्य में अगले दो दिन तक तेज ठंड से थोड़ी राहत रहेगी। इस दौरान तापमान करीब 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पहाड़ों में चल रहा सिस्टम गुजरने के बाद और बर्फ पिघलने पर फिर से ठंडी हवाएं चलेंगी। फरवरी महीने में मौसम का मिजाज बार-बार बदलता रहेगा, हालांकि फिलहाल बारिश के आसार नहीं हैं।

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत-विकास कार्य लोकार्पण

राज्य के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल राहतगढ़ में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों और सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जहां शिक्षा का प्रकाश फैलता है, वहीं से विकास का रास्ता निकलता है। श्री राजपूत ने कहा कि यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस है और बच्चों के सपनों को पूरा करने का केंद्र बनेगा।

दूषित पानी-कांग्रेस

भोपाल में कल गोमांस प्रकरण और दूषित पानी की सप्लाई को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापौर और एमआईसी सदस्यों का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही से भोपाल में भी इंदौर जैसी स्थिति बन सकती है।

राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार-उप मुख्यमंत्री मुलाकात

राज्य के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार ने भोपाल में कल उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात की। इस दौरान ब्यावरा शासकीय अस्पताल में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर को लेकर चर्चा हुई। राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- बुरहानपुर के अडगांव गांव में टीबी मुक्त भारत अभियान के शिविर लगाया गया। इस दौरान 54 लोगों के एक्स-रे और बलगम के सैंपल लेकर टीबी की जांच की गई।

- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शहर में कोटपा एक्ट को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूलों के आसपास तंबाकू बेचने पर पूरी तरह रोक सुनिश्चित करने को कहा है।
- प्रधानमंत्री सूर्य मित्र कृषक मित्र योजना के तहत आगरमालवा जिले के 444 किसानों को लाभ मिलेगा। इसके लिए आज और कल विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- केंद्र सरकार के बजट को लेकर कटनी में नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें महिला डॉक्टर, सीए, उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं शामिल हुईं।
- महाशिवरात्रि के मौके पर भोपाल के पुराने शहर से 15 फरवरी को भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। व्यवस्थाओं को लेकर महापौर मालती राय ने तैयारियों का निरीक्षण किया।
- मंडला जिले में आरोग्यम मंडला 2.0 अभियान के तहत आज 32 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसका मकसद गांव स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। और
- इंदौर जिले में छात्रों के मानसिक और सर्वांगीण विकास के लिए "अपनत्व अभियान" शुरू किया जा रहा है। इसके तहत वरिष्ठ अधिकारियों को शासकीय छात्रावासों की जिम्मेदारी दी गई है।

-------